Chapter

19

सदिश बीजगणित

प्रस्तावना (Introduction)

सदिश एक अत्यंत महत्वपूर्ण गणितीय पद्धति को व्यक्त करता है, जिसका उपयोग ज्यामिति, अभियांत्रिकी, भौतिकी तथा गणित के अन्य विभागों से सम्बन्धित समस्याओं के हल करने में होता है।

अदिश तथा सदिश राशियाँ % भौतिक राशियाँ दो श्रेणियों में विभाजित की जाती हैं – अदिश राशियाँ एवं सदिश राशियाँ। वे राशियाँ, जिनका केवल परिमाण होता है और जिनका सम्बन्ध त्रिविम में स्थित किसी स्थिर दिशा से नहीं होता, अदिश राशियाँ कहलाती हैं। द्रव्यमान, आयतन, घनत्व, कार्य, तापमान इत्यादि अदिश राशियों के उदाहरण हैं। किसी अदिश राशि को उपयुक्त इकाई के साथ किसी वास्तविक संख्या द्वारा व्यक्त किया जाता है।

दूसरे प्रकार की राशियाँ वे हैं, जिनमें परिमाण एवं दिशा दोनों होते हैं। ये राशियाँ सदिश कहलाती हैं। विस्थापन, वेग, त्वरण, संवेग, भार, बल इत्यादि सदिश राशियों के उदाहरण हैं।

सदिश का निरूपण (Representation of vectors)

ज्यामितीय रूप में सदिश को एक रेखा-खण्ड द्वारा व्यक्त किया जाता है। उदाहरणतः $\mathbf{a} = \overrightarrow{AB}$. यहाँ A प्रारम्भिक बिन्दु तथा B अन्तिम बिन्दु कहलाता है। $\mathbf{a}$ के परिमाण या मापांक को $|\mathbf{a}| = |\overrightarrow{AB}| = AB$ द्वारा व्यक्त किया जाता है।



सदिशों के प्रकार (Types of vector)

(1) **शून्य सदिश** (Zero or null vector) : एक सदिश, जिसका परिमाण शून्य है, शून्य सदिश कहलाता है तथा इसे $\vec{O}$ द्वारा व्यक्त किया जाता है।

(2) **इकाई सदिश** (Unit vector) : एक सदिश, जिसका परिमाण इकाई हो, इकाई सदिश कहलाता है। किसी सदिश $\mathbf{a}$ की दिशा में इकाई सदिश को $\hat{\mathbf{a}}$ द्वारा व्यक्त किया जाता है तथा इसे a कैप पढ़ते हैं। अतः $|\hat{\mathbf{a}}| = 1$.

$$\hat{\mathbf{a}} = \frac{\mathbf{a}}{|\mathbf{a}|} = \frac{\text{सदिश } a}{a \text{ का परिमाण}}.$$

(3) **समदिश एवं असमदिश सदिश** (Like and unlike vectors) : सदिश समदिश कहलाते हैं, यदि उनकी अभिदिशाएँ समान हों तथा असमदिश, जब उनकी अभिदिशाएँ विपरीत हों।

(4) **समरेखीय या समान्तर सदिश** (Collinear or parallel vectors): सदिश, जिनके समान अथवा समान्तर आधार हों, समरेखीय सदिश कहलाते हैं।

(5) **सह-प्रारम्भिक सदिश** (Co-initial vectors) : सदिश, जिनके प्रारम्भिक बिन्दु समान हों, **सह-प्रारम्भिक सदिश** कहलाते हैं।

(6) **समतलीय सदिश** (Co-planar vectors) : सदिशों का एक निकाय समतलीय कहलाता है, यदि उनके आधार समान तल के समान्तर हों।

दो सदिश, जिनके प्रारम्भिक बिन्दु समान हों, सर्वथा समतलीय होते हैं किन्तु ऐसे तीन या अधिक सदिश समतलीय हो भी सकते हैं और नहीं भी।

(7) **संलग्न सदिश** (Coterminous vectors) : सदिश, जिनके सिरा बिन्दु समान हैं, **संलग्न सदिश** कहलाते हैं।

(8) **ऋण सदिश** (Negative of a vector) : सदिश, जिसका परिमाण सदिश $\mathbf{a}$ के बराबर हो, किन्तु दिशा विपरीत हो, $\mathbf{a}$ का ऋण सदिश कहलाता है तथा $-\mathbf{a}$ द्वारा व्यक्त किया जाता है। अतः यदि $\overrightarrow{PQ} = \mathbf{a}$, तो $\overrightarrow{QP} = -\mathbf{a}$.

(9) **व्युत्क्रम सदिश** (Reciprocal of a vector) : एक सदिश, जिसकी दिशा दिए गए सदिश $\mathbf{a}$ की दिशा के समान हो, किन्तु परिमाण दिए गए सदिश के परिमाण के व्युत्क्रम के बराबर हो, $\mathbf{a}$ का व्युत्क्रम सदिश कहलाता है तथा इसे $\mathbf{a}^{-1}$ द्वारा व्यक्त करते हैं। अतः यदि $|\mathbf{a}| = a, |\mathbf{a}^{-1}| = \frac{1}{a}$

(10) **स्थानीकृत एवं मुक्त सदिश** (Localized and free vectors) : एक सदिश, जो किसी दिए गए सदिश के समान्तर खींचा गया हो तथा त्रिविम में एक विशिष्ट बिन्दु से गुजरता हो, **स्थानीकृत सदिश** कहलाता है। उदाहरणतः किसी दृढ़ पिंड पर लगा बल एक स्थानीकृत सदिश है, क्योंकि इसका प्रभाव बल की क्रिया-रेखा पर निर्भर करता है। यदि किसी सदिश का मान केवल इसकी लम्बाई तथा दिशा पर निर्भर होता है तथा त्रिविम में इसकी स्थिति से स्वतंत्र है, मुक्त सदिश कहलाता है।

(11) **स्थिति सदिश** (Position vectors) : सदिश $\overrightarrow{OA}$, जो एक स्थिर बिन्दु O (मूल-बिन्दु) के सापेक्ष बिन्दु A की स्थिति को व्यक्त करता है, बिन्दु A का स्थिति सदिश कहलाता है। यदि बिन्दु A का कार्तीय निर्देशांक (x, y, z) हो, तो $\overrightarrow{OA} = x\mathbf{i} + y\mathbf{j} + z\mathbf{k}$

(12) **सदिशों की समानता** (Equality of vectors) : दो सदिश $\mathbf{a}$ एवं $\mathbf{b}$ समान कहलाएँगे, यदि (i) $|\mathbf{a}| = |\mathbf{b}|$ (ii) उनके आधार समान अथवा समान्तर हों (iii) समान अभिदिशा हों।

सदिशों के गुणधर्म (Properties of vectors)

(1) **सदिशों का योग** (Addition of vectors)

(i) **सदिश योग का त्रिभुज-नियमः** ΔABC में, $\overrightarrow{AB}=\mathbf{a}$, $\overrightarrow{BC}=\mathbf{b}$ तथा $\overrightarrow{AC}=\mathbf{c}$ तो $\overrightarrow{AB}+\overrightarrow{BC}=\overrightarrow{AC}$ अर्थात् $\mathbf{a}+\mathbf{b}=\mathbf{c}$.



(ii) **सदिश योग का समांतर चतुर्भुज-नियमः** समान्तर चतुर्भुज $OACB$ में, यदि $\overrightarrow{OA}=\mathbf{a},\overrightarrow{OB}=\mathbf{b}$ तथा $\overrightarrow{OC}=\mathbf{c}$



तो $\overrightarrow{OA}+\overrightarrow{OB}=\overrightarrow{OC}$ अर्थात् $\mathbf{a}+\mathbf{b}=\mathbf{c}$, जहाँ OC, समान्तर चतुर्भुज $OABC$ का एक विकर्ण है।

(iii) **घटक रूप में योग :** यदि सदिश $\mathbf{i}$, $\mathbf{j}$ तथा $\mathbf{k}$ के पदों में परिभाषित हों, अर्थात् यदि $\mathbf{a}=a_1\mathbf{i}+a_2\mathbf{j}+a_3\mathbf{k}$ तथा $\mathbf{b}=b_1\mathbf{i}+b_2\mathbf{j}+b_3\mathbf{k}$ हों, तो उनका योग

$\mathbf{a}+\mathbf{b}=(a_1+b_1)\mathbf{i}+(a_2+b_2)\mathbf{j}+(a_3+b_3)\mathbf{k}$ द्वारा परिभाषित होगा।

सदिश योग के गुणधर्म : सदिश योग के निम्नलिखित गुणधर्म हैं।

(a) **द्विधारी संक्रिया :** दो सदिशों का योग सर्वथा एक सदिश होता है।

(b) **क्रमविनिमेयता :** किन्हीं दो सदिशों $\mathbf{a}$ एवं $\mathbf{b}$ के लिए $\mathbf{a}+\mathbf{b}=\mathbf{b}+\mathbf{a}$

(c) **साहचर्यता :** किन्हीं तीन सदिशों $\mathbf{a},\mathbf{b}$ एवं $\mathbf{c}$ के लिए, $\mathbf{a}+(\mathbf{b}+\mathbf{c})=(\mathbf{a}+\mathbf{b})+\mathbf{c}$

(d) **तत्समकता :** शून्य सदिश योज्य तत्समक सदिश कहलाता है। किसी सदिश $\mathbf{a}$ के लिए, $\mathbf{0}+\mathbf{a}=\mathbf{a}=\mathbf{a}+\mathbf{0}$

(e) **योज्य प्रतिलोम :** किसी सदिश $\mathbf{a}$ के लिए इसके ऋणात्मक सदिश $-\mathbf{a}$ का अस्तित्व इस प्रकार है कि $\mathbf{a}+(-\mathbf{a})=(-\mathbf{a})+\mathbf{a}=\mathbf{0}$ अर्थात् $(-\mathbf{a})$, सदिश $\mathbf{a}$ का योज्य प्रतिलोम कहलाता है।

(2) **सदिशों का व्यवकलन** (Subtraction of vectors) **:** यदि $\mathbf{a}$ और $\mathbf{b}$ दो सदिश हों, तो उनका व्यवकलन $\mathbf{a}-\mathbf{b}$ निम्न प्रकार से परिभाषित होता है $\mathbf{a}-\mathbf{b}=\mathbf{a}+(-\mathbf{b})$, जहाँ $-\mathbf{b},\mathbf{b}$ का ऋण सदिश है, जिसका परिमाण, $\mathbf{b}$ के परिमाण के समान तथा दिशा, $\mathbf{b}$ की दिशा के विपरीत है।

यदि $\mathbf{a}=\mathbf{a}_1\mathbf{i}+\mathbf{a}_2\mathbf{j}+\mathbf{a}_3\mathbf{k}$

तथा $\mathbf{b}=\mathbf{b}_1\mathbf{i}+\mathbf{b}_2\mathbf{j}+\mathbf{b}_3\mathbf{k}$ तो

$$\mathbf{a}-\mathbf{b}=(\mathbf{a}_1-\mathbf{b}_1)\mathbf{i}+(\mathbf{a}_2-\mathbf{b}_2)\mathbf{j}+(\mathbf{a}_3-\mathbf{b}_3)\mathbf{k}$$

सदिश व्यवकलन के गुणधर्म

(i) $\mathbf{a}-\mathbf{b}\neq\mathbf{b}-\mathbf{a}$ (ii) $(\mathbf{a}-\mathbf{b})-\mathbf{c}\neq\mathbf{a}-(\mathbf{b}-\mathbf{c})$

(iii) चूँकि किसी त्रिभुज की कोई एक भुजा अन्य दो भुजाओं के योग से कम तथा उनके अन्तर से अधिक होती है। अतः दो सदिशों $\mathbf{a}$ एवं $\mathbf{b}$ के लिए,

(a) $|\mathbf{a}+\mathbf{b}|\leq|\mathbf{a}|+|\mathbf{b}|$ (b) $|\mathbf{a}+\mathbf{b}|\geq|\mathbf{a}|-|\mathbf{b}|$

(c) $|\mathbf{a}-\mathbf{b}|\leq|\mathbf{a}|+|\mathbf{b}|$ (d) $|\mathbf{a}-\mathbf{b}|\geq|\mathbf{a}|-|\mathbf{b}|$

(3) **एक सदिश का अदिश से गुणन** (Multiplication of a vector by a scalar) **:** यदि $\mathbf{a}$ एक सदिश है तथा m एक अदिश (अर्थात् एक वास्तविक संख्या) है, तो $m\mathbf{a}$ एक सदिश होगा, जिसका परिमाण $\mathbf{a}$ के परिमाण का m गुना होगा तथा जिसकी दिशा $\mathbf{a}$ की दिशा के समान होगी, यदि m धनात्मक है तथा $\mathbf{a}$ की दिशा के विपरीत होगी, यदि m ऋणात्मक है।

सदिश का अदिश से गुणन के गुणधर्म : सदिश के अदिश से गुणन के निम्नलिखित गुणधर्म हैं, जहाँ $\mathbf{a},\mathbf{b}$ सदिश हैं तथा m, n अदिश हैं।

(i) $m(-\mathbf{a})=(-m)\mathbf{a}=-(m\mathbf{a})$ (ii) $(-m)(-\mathbf{a})=m\mathbf{a}$

(iii) $m(n\mathbf{a})=(mn)\mathbf{a}=n(m\mathbf{a})$ (iv) $(m+n)\mathbf{a}=m\mathbf{a}+n\mathbf{a}$

(v) $m(\mathbf{a}+\mathbf{b})=m\mathbf{a}+m\mathbf{b}$

(4) **दो बलों का परिणामी** (Resultant of two forces) **:** माना दो बल $\vec{P}$ व $\vec{Q}$ हैं तथा इनका परिणामी $\vec{R}$ है, तब $\vec{R}=\vec{P}+\vec{Q}$

$|\vec{R}|=R=\sqrt{P^2+Q^2+2PQ\cos\theta}$

जहाँ, $|\vec{P}|=P, |\vec{Q}|=Q$,

$\tan\alpha=\dfrac{Q\sin\theta}{P+Q\cos\theta}$



उप-साध्यः जब $|\vec{P}|=|\vec{Q}|$, अर्थात् $P=Q$, $\tan\alpha=\dfrac{P\sin\theta}{P+P\cos\theta}$

$=\dfrac{\sin\theta}{1+\cos\theta}=\tan\dfrac{\theta}{2}$; $\therefore\quad\alpha=\dfrac{\theta}{2}$

अतः दो इकाई सदिशों $\mathbf{a}$ एवं $\mathbf{b}$ का कोणार्धक सदिश योग $\mathbf{a}+\mathbf{b}$ के अनुदिश होता है।

स्थिति सदिश (Position vector)

यदि O एक नियत बिन्दु है, जो त्रिविम (अथवा तल) में मूल बिन्दु है तथा P कोई बिन्दु है, तो $\overrightarrow{OP}$ को P का O के सापेक्ष स्थिति सदिश कहते हैं।



यदि P एक बिन्दु $\mathbf{r}$ है, तो इसका तात्पर्य है, कि P का किसी मूल बिन्दु O के सापेक्ष स्थिति सदिश $\mathbf{r}$ है।

(1) **बिन्दु A तथा B के स्थिति सदिश के पदों में $\overrightarrow{AB}$** : यदि $\mathbf{a}$ और $\mathbf{b}$ क्रमशः बिन्दुओं A तथा B के स्थिति सदिश हैं, तो $\overrightarrow{OA}=\mathbf{a}$, $\overrightarrow{OB}=\mathbf{b}$

त्रिभुज OAB में, $\overrightarrow{OA}+\overrightarrow{AB}=\overrightarrow{OB}\Rightarrow\overrightarrow{AB}=\overrightarrow{OB}-\overrightarrow{OA}=\mathbf{b}-\mathbf{a}$

$\Rightarrow$ $\overrightarrow{AB}$ = (B का स्थिति सदिश) – (A का स्थिति सदिश)

$\Rightarrow$ $\overrightarrow{AB}$ = (अन्तिम बिन्दु का स्थिति सदिश) – (प्रारम्भिक बिन्दु का स्थिति सदिश)

(2) **विभाजन बिन्दु का स्थिति सदिश** (Position vector of a dividing point) : रेखा AB को $m:n$ के अनुपात में अंतः विभाजित तथा बाह्य विभाजित करने वाले बिन्दु के स्थिति सदिश क्रमशः $\dfrac{mb+na}{m+n}$ तथा $\dfrac{mb-na}{m-n}$ होंगे।

सदिशों का रेखीय संयोजन (Linear combination of vectors)

सदिश $\mathbf{r}$ को सदिशों $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$..... इत्यादि का रेखीय संयोजन कहते हैं, यदि x, y, z इत्यादि का अस्तित्व इस प्रकार हो, कि $\mathbf{r}=x\mathbf{a}+y\mathbf{b}+z\mathbf{c}+....$

उदाहरणार्थ: सदिश $\mathbf{r}_1 = 2\mathbf{a}+\mathbf{b}+3\mathbf{c}, \mathbf{r}_2 = \mathbf{a}+3\mathbf{b}+\sqrt{2}\mathbf{c}$ सदिशों $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}$ के रेखीय संयोजन हैं।

(1) **संरेखीय तथा असंरेखीय सदिश** (Collinear and Non-collinear vectors) : माना $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ दो संरेखीय सदिश हैं तथा माना $\hat{\mathbf{x}}$, $\mathbf{a}$ की दिशा में एक इकाई सदिश है, तब $\mathbf{b}$ की दिशा में इकाई सदिश $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ के समदिश या असमदिश समान्तर सदिश होने के अनुसार, $\hat{\mathbf{x}}$ या $-\hat{\mathbf{x}}$ होगा। अब, $\mathbf{a} = |\mathbf{a}|\,\hat{\mathbf{x}}$ तथा $\mathbf{b} = \pm|\mathbf{b}|\,\hat{\mathbf{x}}$

$$\therefore\ \mathbf{a} = \left(\frac{|\mathbf{a}|}{|\mathbf{b}|}\right)|\mathbf{b}|\,\hat{\mathbf{x}} \Rightarrow \mathbf{a} = \left(\pm\frac{|\mathbf{a}|}{|\mathbf{b}|}\right)\mathbf{b}$$

$\Rightarrow \mathbf{a} = \lambda\mathbf{b}$, जहाँ $\lambda = \pm\dfrac{|\mathbf{a}|}{|\mathbf{b}|}$.

अतः यदि $\mathbf{a}, \mathbf{b}$ समरेखीय सदिश हैं, तो $\mathbf{a} = \lambda\,\mathbf{b}$ या $\mathbf{b} = \lambda\,\mathbf{a}$, जहाँ λ एक अदिश है।

(2) **दो समान्तर सदिशों में सम्बन्ध** (Relation between two parallel vectors)

(i) यदि $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ दो समान्तर सदिश हैं, तो एक अदिश k का अस्तित्व इस प्रकार है, कि $\mathbf{a} = k\,\mathbf{b}$.

अर्थात्, दो अशून्य अदिश राशियाँ x तथा y इस प्रकार अस्तित्व रखती हैं, कि $x\,\mathbf{a} + y\,\mathbf{b} = \mathbf{0}$.

यदि $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ दो अशून्य, असमान्तर सदिश हों, तो $x\mathbf{a}+y\mathbf{b} = \mathbf{0}$ $\Rightarrow x = 0$ तथा $y = 0$.

$$\text{स्पष्टतः } x\mathbf{a}+y\mathbf{b} = \mathbf{0} \Rightarrow \begin{cases} \mathbf{a} = \mathbf{0}, \mathbf{b} = \mathbf{0} \\ \quad\text{या} \\ x = 0, y = 0 \\ \quad\text{या} \\ \mathbf{a} \parallel \mathbf{b} \end{cases}$$

(ii) यदि $\mathbf{a} = a_1\mathbf{i}+a_2\mathbf{j}+a_3\mathbf{k}$ तथा $\mathbf{b} = b_1\mathbf{i}+b_2\mathbf{j}+b_3\mathbf{k}$ तब समान्तर सदिशों के गुणधर्म से, $\mathbf{a} \parallel \mathbf{b} \Rightarrow \dfrac{a_1}{b_1} = \dfrac{a_2}{b_2} = \dfrac{a_3}{b_3}$

(3) **तीन बिन्दुओं के समरेखीय होने का प्रतिबंध** (Test of collinearity of three points): तीन बिन्दु, जिनके स्थिति सदिश $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}$ हैं, समरेखीय होंगे, यदि एवं केवल यदि अदिश x, y, z (सभी शून्य नहीं) इस प्रकार अस्तित्व रखते हैं, कि $x\mathbf{a}+y\mathbf{b}+z\mathbf{c} = \mathbf{0}$, जहाँ $x+y+z = 0$. यदि $\mathbf{a} = a_1\mathbf{i}+a_2\mathbf{j}$, $\mathbf{b} = b_1\mathbf{i}+b_2\mathbf{j}$ तथा $\mathbf{c} = c_1\mathbf{i}+c_2\mathbf{j}$, तब वे बिन्दु जिनके स्थिति सदिश $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}$ हैं, समरेखीय होंगे, यदि एवं केवल यदि $\begin{vmatrix} a_1 & a_2 & 1 \\ b_1 & b_2 & 1 \\ c_1 & c_2 & 1 \end{vmatrix} = 0$.

(4) **तीन सदिशों के समतलीय होने का प्रतिबंध** (Test of coplanarity of three vectors) : माना $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ दिए गए दो अशून्य, असमरैखिक सदिश हैं, तब $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ के समतलीय किसी सदिश $\mathbf{r}$ को अद्वितीय रूप में $\mathbf{r} = x\mathbf{a}+y\mathbf{b}$ द्वारा व्यक्त किया जा सकता है, जहाँ x एवं y अदिश हैं।

(5) **चार बिन्दुओं के समतलीय होने का प्रतिबंध** (Test of coplanarity of Four points) : चार बिन्दु, जिनके स्थिति सदिश $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}, \mathbf{d}$ हैं, समतलीय होंगे, यदि एवं केवल यदि, अदिश x, y, z, u (सभी शून्य नहीं) इस प्रकार अस्तित्व रखते हैं कि $x\mathbf{a}+y\mathbf{b}+z\mathbf{c}+u\mathbf{d} = \mathbf{0}$, जहाँ $x+y+z+u = 0$.

चार बिन्दु जिनके स्थिति सदिश

$\mathbf{a} = a_1\mathbf{i}+a_2\mathbf{j}+a_3\mathbf{k}$, $\mathbf{b} = b_1\mathbf{i}+b_2\mathbf{j}+b_3\mathbf{k}$

$\mathbf{c} = c_1\mathbf{i}+c_2\mathbf{j}+c_3\mathbf{k}$, $\mathbf{d} = d_1\mathbf{i}+d_2\mathbf{j}+d_3\mathbf{k}$ हैं,

समतलीय होंगे, यदि एवं केवल यदि $\begin{vmatrix} a_1 & a_2 & a_3 & 1 \\ b_1 & b_2 & b_3 & 1 \\ c_1 & c_2 & c_3 & 1 \\ d_1 & d_2 & d_3 & 1 \end{vmatrix} = 0$.

रैखिकतः स्वतन्त्रा तथा आश्रित सदिश
(Linear independence and dependence of vectors)

(1) **रैखिकतः स्वतंत्र सदिश** (Linearly independent vectors) : अशून्य सदिशों $\mathbf{a}_1, \mathbf{a}_2, \ldots.. \mathbf{a}_n$ का एक समुच्चय रैखिकतः स्वतन्त्र कहलाएगा, यदि $x_1\mathbf{a}_1+x_2\mathbf{a}_2+\ldots..+x_n\mathbf{a}_n = \mathbf{0}$ $\Rightarrow x_1 = x_2 = \ldots.. = x_n = 0$.

(2) **रैखिकतः आश्रित सदिश** (Linearly dependent vectors) : सदिशों $\mathbf{a}_1, \mathbf{a}_2, \ldots.. \mathbf{a}_n$ का एक समुच्चय रैखिकतः आश्रित कहलाएगा, यदि अदिश $x_1, x_2, \ldots\ldots, x_n$ (सभी शून्य नहीं) इस प्रकार अस्तित्व रखते हों, कि $x_1\mathbf{a}_1+x_2\mathbf{a}_2+\ldots\ldots..+x_n\mathbf{a}_n = \mathbf{0}$

तीन सदिश $\mathbf{a} = a_1\mathbf{i}+a_2\mathbf{j}+a_3\mathbf{k}$, $\mathbf{b} = b_1\mathbf{i}+b_2\mathbf{j}+b_3\mathbf{k}$ तथा $\mathbf{c} = c_1\mathbf{i}+c_2\mathbf{j}+c_3\mathbf{k}$ आश्रित सदिश होंगे, यदि एवं केवल $\begin{vmatrix} a_1 & a_2 & a_3 \\ b_1 & b_2 & b_3 \\ c_1 & c_2 & c_3 \end{vmatrix} = 0$.

रैखिकतः स्वतंत्र एवं आश्रित सदिशों के गुणधर्म :

(i) दो अशून्य, असमरेखिक सदिश रैखिकतः स्वतंत्र होते हैं।

(ii) कोई दो समरेखिक सदिश रैखिकतः आश्रित होते हैं।

(iii) कोई तीन असमतलीय सदिश रैखिकतः स्वतंत्र होते हैं।

(iv) कोई तीन समतलीय सदिश रैखिकतः आश्रित होते हैं।

(v) त्रिविम में कोई भी चार सदिश रैखिकतः आश्रित होते हैं।

सदिशों का अदिश गुणनफल
(Scalar or dot product of two vectors)

(1) **दो सदिशों का अदिश गुणन** (Scalar or Dot product of two vectors) : यदि $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ दो अशून्य सदिश हैं तथा θ उनके बीच का कोण है, तो उनका अदिश गुणन $\mathbf{a}\,.\,\mathbf{b}$ द्वारा व्यक्त किया जाता है तथा इसे अदिश $|\mathbf{a}||\mathbf{b}|\cos\theta$ के रूप में परिभाषित करते हैं, जहाँ $|\mathbf{a}|$ एवं $|\mathbf{b}|$ क्रमशः $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ के मापांक हैं और $0 \le \theta \le \pi$.



दो सदिशों के बीच का कोण : यदि $\mathbf{a}, \mathbf{b}$ दो सदिश हैं, जिनके बीच का कोण θ है, तब, $\mathbf{a}\,.\,\mathbf{b} = |\mathbf{a}||\mathbf{b}|\cos\theta$

$$\Rightarrow \cos\theta = \frac{\mathbf{a}\,.\,\mathbf{b}}{|\mathbf{a}||\mathbf{b}|} \Rightarrow \theta = \cos^{-1}\left(\frac{\mathbf{a}\,.\,\mathbf{b}}{|\mathbf{a}||\mathbf{b}|}\right)$$

यदि $\mathbf{a} = a_1\mathbf{i}+a_2\mathbf{j}+a_3\mathbf{k}$ तथा $\mathbf{b} = b_1\mathbf{i}+b_2\mathbf{j}+b_3\mathbf{k}$, तब

$$\theta = \cos^{-1}\left(\frac{a_1b_1+a_2b_2+a_3b_3}{\sqrt{a_1^2+a_2^2+a_3^2}\sqrt{b_1^2+b_2^2+b_3^2}}\right).$$

(2) **अदिश गुणन के गुणधर्म** (Properties of scalar product) :

(i) **क्रमविनिमेयता** : दो सदिशों का अदिश गुणनफल क्रमविनिमेय नियम का पालन करता है, अर्थात् $\mathbf{a}\,.\,\mathbf{b} = \mathbf{b}\,.\,\mathbf{a}$.

(ii) **अदिश गुणन का सदिश योग पर वितरण** : सदिशों का अदिश गुणन, सदिश योग पर वितरित होता है, अर्थात्

(a) $\mathbf{a}\,.(\mathbf{b}+\mathbf{c}) = \mathbf{a}\,.\,\mathbf{b}+\mathbf{a}\,.\,\mathbf{c}$ (वामावर्त वितरण)

(b) $(\mathbf{b}+\mathbf{c}).\mathbf{a}=\mathbf{b}.\mathbf{a}+\mathbf{c}.\mathbf{a}$ (दक्षिणावर्त वितरण)

(iii) माना **a** तथा **b** दो अशून्य सदिश हैं, तब $\mathbf{a}.\mathbf{b}=0 \Leftrightarrow \mathbf{a}\perp\mathbf{b}$.

चूँकि $\mathbf{i},\mathbf{j},\mathbf{k}$ निर्देशाक्षों के अनुदिश, एक-दूसरे के लम्बवत् इकाई सदिश हैं, अतः $\mathbf{i}.\mathbf{j}=\mathbf{j}.\mathbf{i}=0$; $\mathbf{j}.\mathbf{k}=\mathbf{k}.\mathbf{j}=0$; $\mathbf{k}.\mathbf{i}=\mathbf{i}.\mathbf{k}=0$.

(iv) किसी सदिश **a** के लिए, $\mathbf{a}.\mathbf{a}=|\mathbf{a}|^2$.

चूँकि $\mathbf{i},\mathbf{j},\mathbf{k}$ निर्देशाक्षों के अनुदिश इकाई सदिश हैं, अतः $\mathbf{i}.\mathbf{i}=|\mathbf{i}|^2=1$, $\mathbf{j}.\mathbf{j}=|\mathbf{j}|^2=1$ तथा $\mathbf{k}.\mathbf{k}=|\mathbf{k}|^2=1$

(v) यदि m एक अदिश है तथा $\mathbf{a},\mathbf{b}$ कोई दो सदिश हैं, तो $(m\mathbf{a}).\mathbf{b}=m(\mathbf{a}.\mathbf{b})=\mathbf{a}.(m\mathbf{b})$

(vi) यदि m, n अदिश हैं तथा $\mathbf{a},\mathbf{b}$ दो सदिश हैं, तब $m\mathbf{a}.n\mathbf{b}=mn(\mathbf{a}.\mathbf{b})=(mn\,\mathbf{a}).\mathbf{b}=\mathbf{a}.(mn\,\mathbf{b})$

(vii) कोई दो सदिश **a** तथा **b** के लिए,

(a) $\mathbf{a}.(-\mathbf{b})=-(\mathbf{a}.\mathbf{b})=(-\mathbf{a}).\mathbf{b}$ (b) $(-\mathbf{a}).(-\mathbf{b})=\mathbf{a}.\mathbf{b}$

(viii) कोई दो सदिश **a** तथा **b** के लिए,

(a) $|\mathbf{a}+\mathbf{b}|^2=|\mathbf{a}|^2+|\mathbf{b}|^2+2\mathbf{a}.\mathbf{b}$

(b) $|\mathbf{a}-\mathbf{b}|^2=|\mathbf{a}|^2+|\mathbf{b}|^2-2\mathbf{a}.\mathbf{b}$

(c) $(\mathbf{a}+\mathbf{b}).(\mathbf{a}-\mathbf{b})=|\mathbf{a}|^2-|\mathbf{b}|^2$

(d) $|\mathbf{a}+\mathbf{b}|=|\mathbf{a}|+|\mathbf{b}| \Rightarrow \mathbf{a}\parallel\mathbf{b}$

(e) $|\mathbf{a}+\mathbf{b}|^2=|\mathbf{a}|^2+|\mathbf{b}|^2 \Rightarrow \mathbf{a}\perp\mathbf{b}$

(f) $|\mathbf{a}+\mathbf{b}|=|\mathbf{a}-\mathbf{b}| \Rightarrow \mathbf{a}\perp\mathbf{b}$

(g) $(\mathbf{a}+\mathbf{b}+\mathbf{c})^2=|\mathbf{a}|^2+|\mathbf{b}|^2+|\mathbf{c}|^2+2(\mathbf{a}.\mathbf{b}+\mathbf{b}.\mathbf{c}+\mathbf{c}.\mathbf{a})$

(3) **घटकों के पदों में अदिश गुणन** (Scalar product in terms of components): यदि $\mathbf{a}=a_1\mathbf{i}+a_2\mathbf{j}+a_3\mathbf{k}$ तथा $\mathbf{b}=b_1\mathbf{i}+b_2\mathbf{j}+b_3\mathbf{k}$, तब, $\mathbf{a}.\mathbf{b}=a_1b_1+a_2b_2+a_3b_3$. **a** के अनुदिश तथा लम्बवत्, **b** के घटक क्रमशः $\left(\frac{\mathbf{a}.\mathbf{b}}{|\mathbf{a}|^2}\right)\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}-\left(\frac{\mathbf{a}.\mathbf{b}}{|\mathbf{a}|^2}\right)\mathbf{a}$ होते हैं।

(4) **बल द्वारा किया गया कार्य** (Work done by a force) : किया गया कार्य $=|\vec{F}||\overrightarrow{OA}|\cos\theta=\vec{F}.\overrightarrow{OA}=\vec{F}.\vec{d}$ जहाँ $\vec{d}=\overrightarrow{OA}$

या कार्य = (बल).(विस्थापन)



यदि किसी कण पर एक से अधिक बल एक साथ आरोपित हैं, तो पृथक-पृथक बलों द्वारा किये गये कार्यों का योग परिणामी बल द्वारा किये गये कार्य के बराबर होगा।

सदिशों का सदिश गुणन (Vector or Cross product)

(1) **दो सदिशों का सदिश गुणन** (Vector or Cross product of two vectors) : माना $\mathbf{a},\mathbf{b}$ दो अशून्य, असमान्तर सदिश हैं। तब $\mathbf{a}\times\mathbf{b}$ (इसी क्रम में) को उस सदिश द्वारा परिभाषित करते हैं, जिसका परिमाण $|\mathbf{a}||\mathbf{b}|\sin\theta$ है।



दूसरे शब्दों में, $\mathbf{a}\times\mathbf{b}=|\mathbf{a}||\mathbf{b}|\sin\theta\,\hat{\eta}$ जहाँ θ, **a** तथा **b** के बीच का कोण है, $\hat{\eta}$ एक इकाई सदिश है, जो **a** तथा **b** के तल के लम्बवत् इस प्रकार है, कि $\mathbf{a},\mathbf{b},\hat{\eta}$ एक दक्षिणावर्त निकाय बनाते हैं।

(2) **सदिश गुणन के गुणधर्म** (Properties of vector product)

(i) सदिश गुणन क्रमविनिमेय नहीं है, अर्थात् यदि **a** तथा **b** दो सदिश हैं, तो $\mathbf{a}\times\mathbf{b}\neq\mathbf{b}\times\mathbf{a}$, यद्यपि, $\mathbf{a}\times\mathbf{b}=-(\mathbf{b}\times\mathbf{a})$.

(ii) यदि $\mathbf{a},\mathbf{b}$ दो सदिश हैं तथा m, n अदिश हैं, तो $m\mathbf{a}\times n\mathbf{b}=mn(\mathbf{a}\times\mathbf{b})=m(\mathbf{a}\times n\mathbf{b})=n(m\,\mathbf{a}\times\mathbf{b})$.

(iii) सदिश गुणन का सदिश योग पर वितरण

माना $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ कोई तीन सदिश हैं, तब

(a) $\mathbf{a}\times(\mathbf{b}+\mathbf{c})=\mathbf{a}\times\mathbf{b}+\mathbf{a}\times\mathbf{c}$, (वामावर्त वितरण)

(b) $(\mathbf{b}+\mathbf{c})\times\mathbf{a}=\mathbf{b}\times\mathbf{a}+\mathbf{c}\times\mathbf{a}$, (दक्षिणावर्त वितरण)

(iv) किन्हीं तीन सदिशों $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ के लिए $\mathbf{a}\times(\mathbf{b}-\mathbf{c})=\mathbf{a}\times\mathbf{b}-\mathbf{a}\times\mathbf{c}$

(v) दो अशून्य सदिशों का सदिश गुणनफल शून्य होता है, यदि और केवल यदि वे समान्तर रैखिक हैं अर्थात् $\mathbf{a}\times\mathbf{b}=\mathbf{0}\Leftrightarrow\mathbf{a}\parallel\mathbf{b}$, **a** व **b** अशून्य सदिश हैं।

उपरोक्त गुण से यह निष्कर्ष निकलता है कि, किसी अशून्य सदिश **a** के लिए $\mathbf{a}\times\mathbf{a}=\mathbf{0}$, $\mathbf{i}\times\mathbf{i}=\mathbf{j}\times\mathbf{j}=\mathbf{k}\times\mathbf{k}=\mathbf{0}$.

(vi) इकाई लाम्बिक त्रिक सदिशों का सदिश गुणन, सदिश गुणन की परिभाषा से, $\mathbf{i}\times\mathbf{j}=\mathbf{k}$, $\mathbf{j}\times\mathbf{k}=\mathbf{i}$, $\mathbf{k}\times\mathbf{i}=\mathbf{j}$, $\mathbf{j}\times\mathbf{i}=-\mathbf{k}$, $\mathbf{k}\times\mathbf{j}=-\mathbf{i}$, $\mathbf{i}\times\mathbf{k}=-\mathbf{j}$ होता है।

(3) **घटकों के पदों में सदिश गुणन** (Vector product in terms of components): यदि $\mathbf{a}=a_1\mathbf{i}+a_2\mathbf{j}+a_3\mathbf{k}$ तथा $\mathbf{b}=b_1\mathbf{i}+b_2\mathbf{j}+b_3\mathbf{k}$. तो,

$$\mathbf{a}\times\mathbf{b}=(a_2b_3-a_3b_2)\mathbf{i}-(a_1b_3-a_3b_1)\mathbf{j}+(a_1b_2-a_2b_1)\mathbf{k}$$

$$=\begin{vmatrix}\mathbf{i} & \mathbf{j} & \mathbf{k}\\ a_1 & a_2 & a_2\\ b_1 & b_2 & b_2\end{vmatrix}$$

(4) **दो सदिशों के बीच का कोण** (Angle between two vectors): यदि θ, **a** तथा **b** के बीच का कोण है, तो $\sin\theta=\frac{|\mathbf{a}\times\mathbf{b}|}{|\mathbf{a}||\mathbf{b}|}$.

(5) (i) **सदिशों का दक्षिणावर्त निकाय** : तीन परस्पर लम्बवत् सदिश $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ सदिशों के दक्षिणावर्त निकाय का निर्माण करते हैं, यदि एवं केवल यदि $\mathbf{a}\times\mathbf{b}=\mathbf{c}$, $\mathbf{b}\times\mathbf{c}=\mathbf{a}$, $\mathbf{c}\times\mathbf{a}=\mathbf{b}$

उदाहरणार्थ : इकाई सदिश $\mathbf{i},\mathbf{j},\mathbf{k}$ दक्षिणावर्त निकाय बनाते हैं।

$\mathbf{i}\times\mathbf{j}=\mathbf{k}, \mathbf{j}\times\mathbf{k}=\mathbf{i}, \mathbf{k}\times\mathbf{i}=\mathbf{j}$, $\mathbf{j}\times\mathbf{i}=-\mathbf{k}, \mathbf{k}\times\mathbf{j}=-\mathbf{i}, \mathbf{i}\times\mathbf{k}=-\mathbf{j}$





(ii) **सदिशों का वामावर्त निकाय** : तीन परस्पर लम्बवत् सदिश $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$, सदिशों के वामावर्त निकाय का निर्माण करते हैं,

यदि एवं केवल यदि $\mathbf{c}\times\mathbf{b}=\mathbf{a}, \mathbf{a}\times\mathbf{c}=\mathbf{b}$,

$\mathbf{b}\times\mathbf{a}=\mathbf{c}$.



(6) **दो सदिशों के तल के अभिलम्बवत् सदिश** : यदि $\mathbf{a},\mathbf{b}$ दो अशून्य, असमान्तर सदिश हैं तथा θ इनके मध्य कोण है, तब $\mathbf{a}\times\mathbf{b}=|\mathbf{a}||\mathbf{b}|\sin\theta\,\hat{\eta}$, जहाँ **a** तथा **b** के तल के लम्बवत् इकाई सदिश $\hat{\eta}$ इस प्रकार है, कि $\mathbf{a},\mathbf{b},\hat{\eta}$ एक दक्षिणावर्त निकाय बनाते हैं।

इस प्रकार a तथा b के तल के लम्बवत् इकाई सदिश $=\dfrac{\mathbf{a}\times\mathbf{b}}{|\mathbf{a}\times\mathbf{b}|}$ है।

ध्यान दें कि $-\dfrac{\mathbf{a}\times\mathbf{b}}{|\mathbf{a}\times\mathbf{b}|}$ भी a तथा b के तल में लम्बवत् इकाई सदिश हैं।

a तथा b के तल के लम्बवत् 'λ' परिमाण के सदिश $\pm\dfrac{\lambda(\mathbf{a}\times\mathbf{b})}{|\mathbf{a}\times\mathbf{b}|}$ द्वारा प्राप्त होते हैं।

(7) **समान्तर चतुर्भुज तथा त्रिभुज का क्षेत्रफल** (Area of parallelogram and Triangle)

(i) संलग्न भुजाओं $\mathbf{a}$ और $\mathbf{b}$ वाले समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल $=|\mathbf{a}\times\mathbf{b}|$.

(ii) विकर्णों $\mathbf{d}_1$ तथा $\mathbf{d}_2$ वाले समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल $=\dfrac{1}{2}|\mathbf{d}_1\times\mathbf{d}_2|$.

(iii) चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल $=\dfrac{1}{2}|\overrightarrow{AC}\times\overrightarrow{BD}|$, जहाँ AC तथा BD विकर्ण हैं।

(iv) संलग्न भुजाओं $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\dfrac{1}{2}|\mathbf{a}\times\mathbf{b}|$

(v) त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल $=\dfrac{1}{2}|\overrightarrow{AB}\times\overrightarrow{AC}|$ या $\dfrac{1}{2}|\overrightarrow{BC}\times\overrightarrow{BA}|$ या $\dfrac{1}{2}|\overrightarrow{CB}\times\overrightarrow{CA}|$

(vi) यदि $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ किसी त्रिभुज ABC के शीर्षों के स्थिति सदिश हैं, तो इसका क्षेत्रफल $=\dfrac{1}{2}|(\mathbf{a}\times\mathbf{b})+(\mathbf{b}\times\mathbf{c})+(\mathbf{c}\times\mathbf{a})|$

(vii) तीन बिन्दु, जिनके स्थिति सदिश $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ हैं, समरैखिक होंगे, यदि $(\mathbf{a}\times\mathbf{b})+(\mathbf{b}\times\mathbf{c})+(\mathbf{c}\times\mathbf{a})=\mathbf{0}$

(8) **बल आघूर्ण** (Moment of a force): किसी बिन्दु O के परितः बल F का आघूर्ण $=\overrightarrow{OP}\times F$; जहाँ P, बल F की क्रिया रेखा पर कोई बिन्दु है।

अदिश त्रिक गुणन (Scalar triple product)

(1) **तीन सदिशों का अदिश त्रिक गुणन :** यदि $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ तीन सदिश हैं, तो उनका अदिश त्रिक गुणनफल दो सदिशों $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}\times\mathbf{c}$ के अदिश गुणन द्वारा परिभाषित होता है। इसे साधारणतः $\mathbf{a}.(\mathbf{b}\times\mathbf{c})$ या $[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]$ द्वारा निरूपित करते हैं।

(2) **अदिश त्रिक गुणन के गुणधर्म** (Properties of scalar triple product) **:**

(i) यदि $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ को चक्रीय क्रमचयित किया जाए, तो अदिश त्रिक गुणनफल का मान समान रहता है,

अर्थात् $(\mathbf{a}\times\mathbf{b}).\mathbf{c}=(\mathbf{b}\times\mathbf{c}).\mathbf{a}=(\mathbf{c}\times\mathbf{a}).\mathbf{b}$

अथवा $[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]=[\mathbf{b}\ \mathbf{c}\ \mathbf{a}]=[\mathbf{c}\ \mathbf{a}\ \mathbf{b}]$

(ii) अदिश त्रिक गुणन में सदिशों का चक्रीय क्रम बदलने पर अदिश त्रिक गुणन का चिन्ह बदल जाता है, किन्तु परिमाण नहीं बदलता, अर्थात् $[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]=-[\mathbf{b}\ \mathbf{a}\ \mathbf{c}]=-[\mathbf{c}\ \mathbf{b}\ \mathbf{a}]=-[\mathbf{a}\ \mathbf{c}\ \mathbf{b}]$

(iii) यदि सदिशों का चक्रीय क्रम अपरिवर्तित रहे, तब अदिश त्रिकगुणन में डॉट (Dot) तथा क्रॉस (Cross) चिन्ह का स्थान अन्तः परिवर्तित किया जा सकता है, अर्थात् $(\mathbf{a}\times\mathbf{b}).\mathbf{c}=\mathbf{a}.(\mathbf{b}\times\mathbf{c})$

(iv) तीन सदिशों के अदिश त्रिक गुणनफल का मान शून्य होगा, यदि इनमें से कोई भी दो समान हो।

(v) तीन सदिश $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ तथा अदिश λ के लिए, $[\lambda\,\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]=\lambda[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]$

(vi) तीन सदिशों के अदिश त्रिक गुणनफल का मान शून्य होगा, यदि इनमें से कोई दो समान्तर अथवा समरेखीय हो।

(vii) यदि $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c},\mathbf{d}$ चार सदिश हैं, तो

$[(\mathbf{a}+\mathbf{b})\ \mathbf{c}\ \mathbf{d}]=[\mathbf{a}\ \mathbf{c}\ \mathbf{d}]+[\mathbf{b}\ \mathbf{c}\ \mathbf{d}]$

(viii) तीन अशून्य, असमरैखिक सदिशों $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ के समतलीय होने के लिए आवश्यक एवं पर्याप्त प्रतिबन्ध है $[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]=0$ अर्थात् $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ समतलीय हैं $\Leftrightarrow[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]=0$.

(ix) चार बिन्दु जिनके स्थिति सदिश a, b, c तथा d हैं, समतलीय होंगे, यदि $[\mathbf{d}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]+[\mathbf{d}\ \mathbf{c}\ \mathbf{a}]+[\mathbf{d}\ \mathbf{a}\ \mathbf{b}]=[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]$.

(x) समांतर षट्फलक (Parallelopiped), जिसकी संलग्न कोरे a, b, c हैं, का आयतन $[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]$ या $\mathbf{a}.(\mathbf{b}\times\mathbf{c})$ होता है।

(3) **घटकों के पदों में अदिश त्रिक गुणनफल** (Scalar triple product in terms of components)

(i) यदि $\mathbf{a}=a_1\mathbf{i}+a_2\mathbf{j}+a_3\mathbf{k}$, $\mathbf{b}=b_1\mathbf{i}+b_2\mathbf{j}+b_3\mathbf{k}$ तथा $\mathbf{c}=c_1\mathbf{i}+c_2\mathbf{j}+c_3\mathbf{k}$ तीन सदिश हैं, तो $[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]=\begin{vmatrix}a_1 & b_1 & c_1\\ a_2 & b_2 & c_2\\ a_3 & b_3 & c_3\end{vmatrix}$

(ii) यदि $\mathbf{a}=a_1\mathbf{l}+a_2\mathbf{m}+a_3\mathbf{n},\mathbf{b}=b_1\mathbf{l}+b_2\mathbf{m}+b_3\mathbf{n}$ तथा $\mathbf{c}=c_1\mathbf{l}+c_2\mathbf{m}+c_3\mathbf{n}$, तो $[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]=\begin{vmatrix}a_1 & a_2 & a_3\\ b_1 & b_2 & b_3\\ c_1 & c_2 & c_3\end{vmatrix}[\mathbf{l}\ \mathbf{m}\ \mathbf{n}]$

(iii) तीन सदिशों $\mathbf{a},\mathbf{b}$ तथा $\mathbf{c}$ के लिए,

(a) $[\mathbf{a}+\mathbf{b}\ \ \mathbf{b}+\mathbf{c}\ \ \mathbf{c}+\mathbf{a}]=2[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]$

(b) $[\mathbf{a}-\mathbf{b}\ \ \mathbf{b}-\mathbf{c}\ \ \mathbf{c}-\mathbf{a}]=0$

(c) $[\mathbf{a}\times\mathbf{b}\ \ \mathbf{b}\times\mathbf{c}\ \ \mathbf{c}\times\mathbf{a}]=[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]^2$

(4) **चतुष्फलक** (Tetrahedron) **:** चतुष्फलक एक त्रिविमीय चित्र है, जो चार त्रिभुजों से बनता है। $OABC$ एक चतुष्फलक है, जिसका आधार ΔABC है। OA, OB, OC, AB, BC तथा CA को चतुष्फलक की कोर कहते हैं। $OA, BC; OB, CA$ तथा OC, AB को विपरीत कोरों का युग्म कहते हैं। एक चतुष्फलक, जिसकी कोरें समान लम्बाई की हैं, समचतुष्फलक कहलाता है।



चतुष्फलक का आयतन :

(i) चतुष्फलक का आयतन $=\dfrac{1}{3}$ (आधार का क्षेत्रफल) $\times$ (संगत ऊँचाई)

$=\dfrac{1}{6}[\overrightarrow{AB}\ \overrightarrow{BC}\ \overrightarrow{AD}]$

(ii) यदि शीर्षों A, B तथा C के O के सापेक्ष स्थिति सदिश क्रमशः $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ हों, तो चतुष्फलक $OABC$ का आयतन $=\dfrac{1}{6}[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]$

(iii) यदि किसी चतुष्फलक $ABCD$ के शीर्षों A, B, C, D के स्थिति सदिश क्रमशः $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c},\mathbf{d}$ हों, तो उसका आयतन $=\dfrac{1}{6}[\mathbf{b}-\mathbf{a}\ \mathbf{c}-\mathbf{a}\ \mathbf{d}-\mathbf{a}]$

(5) **सदिशों का व्युत्क्रम निकाय** (Reciprocal system of vectors): माना $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ तीन असमतलीय सदिश हैं और माना

$$\mathbf{a}'=\frac{\mathbf{b}\times\mathbf{c}}{[\mathbf{abc}]},\ \mathbf{b}'=\frac{\mathbf{c}\times\mathbf{a}}{[\mathbf{abc}]},\ \mathbf{c}'=\frac{\mathbf{a}\times\mathbf{b}}{[\mathbf{abc}]}.$$

सदिश $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ के लिए $\mathbf{a}',\mathbf{b}',\mathbf{c}'$ सदिशों का व्युत्क्रम निकाय बनाते हैं।

यदि $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}$ तथा $\mathbf{a}', \mathbf{b}', \mathbf{c}'$ सदिशों का व्युत्क्रम निकाय बनाते हैं, तो

(i) $\mathbf{a}.\mathbf{a}' = \mathbf{b}.\mathbf{b}' = \mathbf{c}.\mathbf{c}' = 1$

(ii) $\mathbf{a}.\mathbf{b}' = \mathbf{a}.\mathbf{c}' = 0; \mathbf{b}.\mathbf{c}' = \mathbf{b}.\mathbf{a}' = 0; \mathbf{c}.\mathbf{a}' = \mathbf{c}.\mathbf{b}' = 0$

(iii) $[\mathbf{a}'\mathbf{b}'\mathbf{c}'] = \dfrac{1}{[\mathbf{a}\ \mathbf{b}\ \mathbf{c}]}$

(iv) $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}$ असमतलीय होंगे यदि एवं केवल यदि $\mathbf{a}', \mathbf{b}', \mathbf{c}'$ असमतलीय हों।

सदिश त्रिक गुणन (Vector triple product)

माना $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}$ कोई भी तीन सदिश हैं, तो सदिश $\mathbf{a} \times (\mathbf{b} \times \mathbf{c})$ तथा $(\mathbf{a} \times \mathbf{b}) \times \mathbf{c}$ को $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}$ का सदिश त्रिक गुणन कहते हैं।

$\mathbf{a} \times (\mathbf{b} \times \mathbf{c}) = (\mathbf{a}.\mathbf{c})\mathbf{b} - (\mathbf{a}.\mathbf{b})\mathbf{c}$

सदिश त्रिक गुणन के गुणधर्म (Properties of vector triple product)

(i) सदिश त्रिक गुणन $\mathbf{a} \times (\mathbf{b} \times \mathbf{c})$ उन दो सदिशों का रेखीय संयोजन है, जो कोष्ठक में है।

(ii) सदिश $\mathbf{r} = \mathbf{a} \times (\mathbf{b} \times \mathbf{c})$, $\mathbf{a}$ पर लम्ब है तथा $\mathbf{b}$ एवं $\mathbf{c}$ के तल में स्थित है।

(iii) सूत्र $\mathbf{a} \times (\mathbf{b} \times \mathbf{c}) = (\mathbf{a}.\mathbf{c})\mathbf{b} - (\mathbf{a}.\mathbf{b})\mathbf{c}$ तभी सत्य है, जब कोष्ठक से बाहर का सदिश बाँयी ओर है। यदि ऐसा न हो, तो हम पहले इसे सदिश गुणन के गुणधर्म का उपयोग कर बाँयी ओर स्थानान्तरित करते हैं और तब उपरोक्त सूत्र का उपयोग करते हैं।

अतः $(\mathbf{b} \times \mathbf{c}) \times \mathbf{a} = -\{\mathbf{a} \times (\mathbf{b} \times \mathbf{c})\} = -\{(\mathbf{a}.\mathbf{c})\mathbf{b} - (\mathbf{a}.\mathbf{b})\mathbf{c}\}$

$= (\mathbf{a}.\mathbf{b})\mathbf{c} - (\mathbf{a}.\mathbf{c})\mathbf{b}$

(iv) सदिश त्रिक गुणनफल एक सदिश राशि है।

(v) $\mathbf{a} \times (\mathbf{b} \times \mathbf{c}) \neq (\mathbf{a} \times \mathbf{b}) \times \mathbf{c}$

चार सदिशों का अदिश गुणन (Scalar product of four vectors)

$(\mathbf{a} \times \mathbf{b}).(\mathbf{c} \times \mathbf{d})$ चार सदिशों का एक अदिश गुणन है। यह सदिशों $\mathbf{a} \times \mathbf{b}$ तथा $\mathbf{c} \times \mathbf{d}$ का अदिश गुणन है। यह सदिशों $\mathbf{a}, \mathbf{b}$ तथा $\mathbf{c} \times \mathbf{d}$ का अदिश त्रिक गुणन है तथा सदिशों $\mathbf{a} \times \mathbf{b}, \mathbf{c}$ तथा $\mathbf{d}$ का भी अदिश त्रिक गुणन है।

$$(\mathbf{a} \times \mathbf{b}).(\mathbf{c} \times \mathbf{d}) = \begin{vmatrix} \mathbf{a}.\mathbf{c} & \mathbf{a}.\mathbf{d} \\ \mathbf{b}.\mathbf{c} & \mathbf{b}.\mathbf{d} \end{vmatrix}$$

चार सदिशों का सदिश गुणन (Vector product of four vectors)

(1) $(\mathbf{a} \times \mathbf{b}) \times (\mathbf{c} \times \mathbf{d})$ चार सदिशों का सदिश गुणन है। यह सदिशों $\mathbf{a} \times \mathbf{b}$ तथा $\mathbf{c} \times \mathbf{d}$ का सदिश गुणन है।

(2) $\mathbf{a} \times \{\mathbf{b} \times (\mathbf{c} \times \mathbf{d})\}, \{(\mathbf{a} \times \mathbf{b}) \times \mathbf{c}\} \times \mathbf{d}$ भी चार सदिशों $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}$ तथा $\mathbf{d}$ के विभिन्न सदिश गुणन हैं।

सदिश का अक्ष के परितः घूर्णन
(Rotation of a vector about an axis)

माना $\mathbf{a} = (a_1, a_2, a_3)$

(i) यदि निकाय को x-अक्ष के परितः α कोण से घूर्णित किया जाये, तब $\mathbf{a}$ के नये घटक $(a_1, a_2 \cos\alpha + a_3 \sin\alpha, -a_2 \sin\alpha + a_3 \cos\alpha)$ होंगे।

(ii) यदि निकाय को y-अक्ष के परितः α कोण से घूर्णित किया जाये, तब $\mathbf{a}$ के नये घटक $(-a_3 \sin\alpha + a_1 \cos\alpha, a_2, a_3 \cos\alpha + a_1 \sin\alpha)$ होंगे।

(iii) यदि निकाय को z-अक्ष के परितः α कोण से घूर्णित किया जाये, तब $\mathbf{a}$ के नये घटक $(a_1 \cos\alpha + a_2 \sin\alpha, -a_1 \sin\alpha + a_2 \cos\alpha, a_3)$ होंगे।

त्रिविमीय ज्यामिति में सदिश का अनुप्रयोग
(Application of vectors in 3-dimensional geometry)

(1) $\mathbf{r} = a\mathbf{i} + b\mathbf{j} + c\mathbf{k}$ की दिक् कोज्याएँ $\dfrac{a}{|\mathbf{r}|}, \dfrac{b}{|\mathbf{r}|}, \dfrac{c}{|\mathbf{r}|}$ हैं।

(2) **अन्तःकेन्द्र सूत्र** : ΔABC के अंतःकेन्द्र का स्थिति सदिश $\dfrac{a\,\mathbf{a} + b\,\mathbf{b} + c\,\mathbf{c}}{a + b + c}$ होता है।

(3) **लम्बकेन्द्र सूत्र** : ΔABC के लम्बकेन्द्र का स्थिति सदिश $\dfrac{\mathbf{a} \tan A + \mathbf{b} \tan B + \mathbf{c} \tan C}{\tan A + \tan B + \tan C}$ होता है।

(4) किसी स्थिर बिन्दु, जिसका स्थिति सदिश $\mathbf{a}$ है, से गुजरने वाली एक सरल रेखा, जो सदिश $\mathbf{b}$ के समान्तर है, का सदिश समीकरण $\mathbf{r} = \mathbf{a} + \lambda \mathbf{b}$ है।

(5) दो बिन्दुओं जिनके स्थिति सदिश $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ हैं, से गुजरने वाली सरल रेखा का सदिश समीकरण $\mathbf{r} = \mathbf{a} + \lambda(\mathbf{b} - \mathbf{a})$ है।

(6) **किसी रेखा से एक बिन्दु की लम्बवत् दूरी** : माना रेखा $\mathbf{r} = \mathbf{a} + \lambda \mathbf{b}$ पर $P(\vec{\alpha})$ से खींचे गये लम्ब का पाद L है। चूँकि $\mathbf{r}$, रेखा $\mathbf{r} = \mathbf{a} + \lambda \mathbf{b}$ पर किसी बिन्दु के स्थिति सदिश को व्यक्त करता है। इसलिए, माना L का स्थिति सदिश $\mathbf{a} + \lambda \mathbf{b}$ है। तब $\overrightarrow{PL} = \mathbf{a} - \vec{\alpha} + \lambda \mathbf{b} = (\mathbf{a} - \vec{\alpha}) - \left(\dfrac{(\mathbf{a} - \vec{\alpha})\mathbf{b}}{|\mathbf{b}|^2}\right)\mathbf{b}$



$\overrightarrow{PL}$ का मापांक लम्बाई PL, है जो कि अभीष्ट लम्ब की लम्बाई है।

(7) **किसी सरल रेखा में एक बिन्दु का प्रतिबिम्ब** : माना $\mathbf{r} = \mathbf{a} + \lambda \mathbf{b}$ में P का प्रतिबिम्ब $Q(\vec{\beta})$ है

तो, $\vec{\beta} = 2\mathbf{a} - \left(\dfrac{2(\mathbf{a} - \vec{\alpha}).\mathbf{b}}{|\mathbf{b}|^2}\right)\mathbf{b} - \vec{\alpha}$



(8) **दो समान्तर रेखाओं के मध्य न्यूनतम दूरी** : माना दो रेखायें l_1 व l_2 हैं, जिनके समीकरण क्रमशः $l_1 : r = \mathbf{a}_1 + \lambda \mathbf{b}_1$ तथा $l_2 : r = \mathbf{a}_2 + \mu \mathbf{b}_2$ हैं, तब न्यूनतम दूरी

$$PQ = \left|\frac{(\mathbf{b}_1 \times \mathbf{b}_2).(\mathbf{a}_2 - \mathbf{a}_1)}{|\mathbf{b}_1 \times \mathbf{b}_2|}\right| = \left|\frac{[\mathbf{b}_1\ \mathbf{b}_2\ (\mathbf{a}_2 - \mathbf{a}_1)]}{|\mathbf{b}_1 \times \mathbf{b}_2|}\right|$$

यदि रेखाएँ $\mathbf{r}=\mathbf{a}_1+\lambda\mathbf{b}_1$ एवं $\mathbf{r}=\mathbf{a}_2+\lambda\mathbf{b}_2$ प्रतिच्छेद करती हैं, तो उनके बीच न्यूनतम दूरी शून्य होगी, इसलिए $[\mathbf{b}_1\ \mathbf{b}_2\,(\mathbf{a}_2-\mathbf{a}_1)]=0$

$\Rightarrow [(\mathbf{a}_2-\mathbf{a}_1)\ \mathbf{b}_1\mathbf{b}_2]=0$

$\Rightarrow (\mathbf{a}_2-\mathbf{a}_1).(\mathbf{b}_1\times\mathbf{b}_2)=0$, $(\mathbf{a}_2-\mathbf{a}_1).(\mathbf{b}_1\times\mathbf{b}_2)=0$.

(9) यदि रेखाएँ $\mathbf{r}=\mathbf{a}_1+\lambda\mathbf{b}_1$ तथा $\mathbf{r}=\mathbf{a}_2+\lambda\mathbf{b}_2$ समतलीय हैं, तब $[\mathbf{a}_1\mathbf{b}_1\mathbf{b}_2]=[\mathbf{a}_2\mathbf{b}_1\mathbf{b}_2]$ एवं उस समतल का समीकरण, जो इसे समाहित करता है, $[\mathbf{r}\,\mathbf{b}_1\,\mathbf{b}_2]=[\mathbf{a}_1\,\mathbf{b}_1\,\mathbf{b}_2]$ या $[\mathbf{r}\,\mathbf{b}_1\,\mathbf{b}_2]=[\mathbf{a}_2\,\mathbf{b}_1\,\mathbf{b}_2]$ होगा।

(10) समतल, जो बिन्दु $A(\mathbf{a})$ से गुजरता है, एवं सदिश $\mathbf{n}$ के लम्बवत् है, का सदिश समीकरण $(\mathbf{r}-\mathbf{a}).\mathbf{n}=0$ या $\mathbf{r}.\mathbf{n}$ होगा।

जहाँ $d=\mathbf{a}.\mathbf{n}$, यह समतल का अदिश गुणन रूप में समीकरण कहलाता है।

(11) इकाई सदिश $\hat{\mathbf{n}}$ पर लम्ब और मूलबिन्दु से d दूरी पर स्थित समतल का सदिश समीकरण $\mathbf{r}.\hat{\mathbf{n}}=d$ है।

यदि $\mathbf{n}$ एक इकाई सदिश नहीं है, तो समीकरण $\mathbf{r}.\mathbf{n}=d$ को अभिलंब रूप में परिवर्तित करने के लिए दोनों तरफ $|\mathbf{n}|$ से भाग देते हैं, तब $\mathbf{r}\cdot\frac{\mathbf{n}}{|\mathbf{n}|}=\frac{d}{|\mathbf{n}|}$ या $\mathbf{r}.\hat{\mathbf{n}}=\frac{d}{|\mathbf{n}|}$.

(12) **किसी दिए हुए बिन्दु से गुजरने वाले एवं दो दिए हुए सदिशों के समान्तर समतल का समीकरणः** एक बिन्दु, जिसका स्थिति-सदिश $\mathbf{a}$ है, से गुजरने वाले तथा $\mathbf{b}$ और $\mathbf{c}$ के समान्तर समतल का समीकरण $\mathbf{r}=\mathbf{a}+\lambda\mathbf{b}+\mu\mathbf{c}$ या $[\mathbf{r}\,\mathbf{b}\,\mathbf{c}]=[\mathbf{a}\,\mathbf{b}\,\mathbf{c}]$ होगा, जहाँ λ,μ अदिश हैं।

(13) बिन्दुओं $\mathbf{a}$, $\mathbf{b}$ व $\mathbf{c}$ से होकर जाने वाले समतल का समीकरण $\mathbf{r}=(1-s-t)\mathbf{a}+s\,\mathbf{b}+t\,\mathbf{c}$ या $\mathbf{r}.(\mathbf{b}\times\mathbf{c}+\mathbf{c}\times\mathbf{a}+\mathbf{a}\times\mathbf{b})=[\mathbf{a}\,\mathbf{b}\,\mathbf{c}]$ होता है।

(14) दो समतलों $\mathbf{r}.\mathbf{n}_1=\mathbf{d}_1$ व $\mathbf{r}.\mathbf{n}_2=\mathbf{d}_2$ के प्रतिच्छेदन से जाने वाले समतल का समीकरण $\mathbf{r}.(\mathbf{n}_1+\lambda\mathbf{n}_2)=\mathbf{d}_1+\lambda\mathbf{d}_2$ है, जहाँ λ एक स्वेच्छ नियतांक है।

(15) एक बिन्दु, जिसका स्थिति सदिश $\mathbf{a}$ है, से समतल $\mathbf{r}.\mathbf{n}=d$ पर डाले गये लम्ब की लम्बाई $p=\frac{|\mathbf{a}.\mathbf{n}-d|}{|\mathbf{n}|}$ होती है।

(16) समतलों $\mathbf{r}_1.\mathbf{n}_1=d_1$ तथा $\mathbf{r}_2.\mathbf{n}_2=d_2$ के बीच कोण θ निम्न द्वारा दिया जाता है, $\cos\theta=\pm\frac{\mathbf{n}_1.\mathbf{n}_2}{|\mathbf{n}_1||\mathbf{n}_2|}$.

(17) $\mathbf{a}$ से जाने वाली एवं $\mathbf{b}$ के समान्तर रेखा की बिन्दु $P(r)$ से लम्बवत् दूरी $= PM=\frac{|(\mathbf{r}-\mathbf{a})|\times\mathbf{b}|}{|\mathbf{b}|}$ या $PM=\left[(\mathbf{r}-\mathbf{a})^2\left\{\frac{(\mathbf{r}-\mathbf{a})}{|\mathbf{b}|}\right\}^2\right]^{1/2}$

(18) समतलों $\mathbf{r}_1.\mathbf{n}_1=d_1$ तथा $\mathbf{r}_2.\mathbf{n}_2=d_2$ के बीच कोणार्धकों के समीकरण होंगे।

$$\frac{|\mathbf{r}.\mathbf{n}_1-d_1|}{|\mathbf{n}_1|}=\frac{|\mathbf{r}.\mathbf{n}_2-d_2|}{|\mathbf{n}_2|}$$

या $$\frac{\mathbf{r}.\mathbf{n}_1-d_1}{|\mathbf{n}_1|}=\pm\frac{\mathbf{r}.\mathbf{n}_2-d_2}{|\mathbf{n}_2|}$$

या $$\mathbf{r}.(\hat{\mathbf{n}}_1\pm\hat{\mathbf{n}}_2)=\frac{d_1}{|\mathbf{n}_1|}\pm\frac{d_2}{|\mathbf{n}_2|}.$$

(19) बिन्दु $\mathbf{a}$ से जाने वाले एवं $\mathbf{b}$ व $\mathbf{c}$ से के समान्तर समतल की बिन्दु $P(\mathbf{r})$ से लम्बवत् दूरी $PM=\frac{(\mathbf{r}-\mathbf{a}).(\mathbf{b}\times\mathbf{c})}{|\mathbf{b}\times\mathbf{c}|}$

(20) बिन्दुओं $\mathbf{a},\mathbf{b},\mathbf{c}$ से जाने वाले समतल की बिन्दु $P(\mathbf{r})$ से लम्बवत् दूरी

$$PM=\frac{(\mathbf{r}-\mathbf{a}).(\mathbf{b}\times\mathbf{c}+\mathbf{c}\times\mathbf{a}+\mathbf{a}\times\mathbf{b})}{|\mathbf{b}\times\mathbf{c}+\mathbf{c}\times\mathbf{a}+\mathbf{a}\times\mathbf{b}|}.$$

(21) **रेखा व समतल के मध्य कोण :** यदि रेखा $\mathbf{r}=(\mathbf{a}+\lambda\mathbf{b})$ एवं समतल $\mathbf{r}.\mathbf{n}=d$ के बीच कोण θ हो, तो

$$\sin\theta=\frac{\mathbf{b}.\mathbf{n}}{|\mathbf{b}||\mathbf{n}|}.$$

(i) **लम्ब होने का प्रतिबंध :** यदि रेखा समतल के लम्बवत् हो, तो यह समतल के अभिलंब के समान्तर होगी। अतः $\mathbf{b}$ एवं $\mathbf{n}$ समान्तर होंगे।

इसलिए $\mathbf{b}\times\mathbf{n}=0$ या $\mathbf{b}=\lambda\mathbf{n}$, किसी अदिश λ के लिए।

(ii) **समान्तर होने का प्रतिबंध :** यदि रेखा समतल के समान्तर हो, तो यह समतल के अभिलम्ब के लम्बवत् होगी। अतः $\mathbf{b}$ तथा $\mathbf{n}$ लम्बवत् है। इसलिए $\mathbf{b}.\mathbf{n}=0$

(iii) यदि रेखा $\mathbf{r}=\mathbf{a}+\lambda\mathbf{b}$ समतल $\mathbf{r}.\mathbf{n}=d$ में स्थित हो, तो

(a) $\mathbf{b}.\mathbf{n}=0$ तथा (b) $\mathbf{a}.\mathbf{n}=d$

(22) गोले का समीकरण, जिसका केन्द्र $C(\mathbf{c})$ एवं त्रिज्या 'a' है, $|\mathbf{r}-\mathbf{c}|=a$ होगा।

(23) समतल $\mathbf{r}.\mathbf{n}=d$, गोला $|\mathbf{r}-\mathbf{a}|=R$ को स्पर्श करेगा, यदि $\frac{|\mathbf{a}.\mathbf{n}-d|}{|\mathbf{n}|}=R$

(24) यदि गोले के व्यास के सिरों के स्थिति सदिश $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ हों, तो इसका समीकरण $(\mathbf{r}-\mathbf{a}).(\mathbf{r}-\mathbf{b})=0$ या $|\mathbf{r}|^2-\mathbf{r}.(\mathbf{a}-\mathbf{b})+\mathbf{a}.\mathbf{b}=0$ होगा।

Tips & Tricks

✍ x-अक्ष, y-अक्ष तथा z-अक्ष के समान्तर इकाई सदिश को क्रमशः $\mathbf{i}, \mathbf{j}$ तथा $\mathbf{k}$ द्वारा व्यक्त किया जाता है।

✍ दो इकाई सदिश समान होंगे, यदि उनकी दिशाएँ समान हों।

✍ इकाई सदिश स्व-व्युत्क्रमणीय होता है।

✍ दो सदिशों के बीच के कोण का अन्तःकोणार्धक, संगत इकाई सदिशों के सदिश योग के अनुदिश होता है।

✍ दो सदिशों के बीच के कोण का बाह्यःकोणार्धक, संगत इकाई सदिशों के सदिश अन्तर के अनुदिश होता है।

✍ यदि $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}$ किसी त्रिभुज के शीर्षों के स्थिति सदिश हों, तो इसके केन्द्रक का स्थिति सदिश $\frac{\mathbf{a}+\mathbf{b}+\mathbf{c}}{3}$ होगा।

✍ यदि $\mathbf{a}, \mathbf{b}, \mathbf{c}, \mathbf{d}$ किसी चतुष्फलक के शीर्षों के स्थिति सदिश हों, तो इसके केन्द्रक का स्थिति सदिश $\frac{\mathbf{a}+\mathbf{b}+\mathbf{c}+\mathbf{d}}{4}$ होगा।

✍ **लैगरेंज सर्वसमिका** : यदि $\mathbf{a}, \mathbf{b}$ कोई दो सदिश हैं, तब $|\mathbf{a}\times\mathbf{b}|^2 = |\mathbf{a}|^2|\mathbf{b}|^2 - (\mathbf{a}.\mathbf{b})^2$ या $|\mathbf{a}\times\mathbf{b}|^2 + (\mathbf{a}.\mathbf{b})^2 = |\mathbf{a}|^2|\mathbf{b}|^2$.

✍ $\mathbf{a}.\mathbf{b} \le |\mathbf{a}||\mathbf{b}|$.

✍ $\mathbf{a}.\mathbf{b} > 0 \Rightarrow \mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ के बीच का कोण न्यूनकोण है।

✍ $\mathbf{a}.\mathbf{b} < 0 \Rightarrow \mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ के बीच का कोण अधिककोण है।

✍ एक शून्य सदिश तथा अशून्य सदिश का अदिश गुणनफल, अदिश शून्य है।

✍ यदि समचतुष्फलक, गोले के भीतर समाहित हो, तब गोले का केन्द्र, समचतुष्फलक का केन्द्रक होता है।

✍ समचतुष्फलक के दो फलकों के बीच कोण $\cos^{-1}\frac{1}{3}$ होता है।

✍ समचतुष्फलक के किसी भी शीर्ष से उसके विपरीत फलक के बीच की दूरी $\sqrt{\frac{2}{3}}k$ होती है, जहाँ k कोर की लम्बाई है।

Ordinary Thinking

Objective Questions

सदिश का मापांक, सदिशों का बीजगणित

1. भुजाओं $3\mathbf{i}+4\mathbf{j}+5\mathbf{k}$, $4\mathbf{i}-3\mathbf{j}-5\mathbf{k}$ और $7\mathbf{i}+\mathbf{j}$ से निर्मित त्रिभुज का परिमाप होगा [MP PET 1991]
   (a) $\sqrt{450}$ (b) $\sqrt{150}$
   (c) $\sqrt{50}$ (d) $\sqrt{200}$
2. यदि किसी त्रिभुज के शीर्षों के स्थिति सदिश $2\mathbf{i}+4\mathbf{j}-\mathbf{k}$, $4\mathbf{i}+5\mathbf{j}+\mathbf{k}$ तथा $3\mathbf{i}+6\mathbf{j}-3\mathbf{k}$ हों, तो त्रिभुज है [UPSEAT 2004]
   (a) समकोणीय (b) समद्विबाहु
   (c) समबाहु (d) समकोणीय समद्विबाहु
3. यदि किसी वर्ग की एक भुजा सदिश $3\mathbf{i}+4\mathbf{j}+5\mathbf{k}$ द्वारा निरूपित हो तो वर्ग का क्षेत्रफल है
   (a) 12 (b) 13
   (c) 25 (d) 50
4. यदि $\mathbf{a} = 2\mathbf{i}+2\mathbf{j}-\mathbf{k}$ और $|x\,\mathbf{a}| = 1$, तो $x =$
   (a) $\pm\frac{1}{3}$ (b) $\pm\frac{1}{4}$
   (c) $\pm\frac{1}{5}$ (d) $\pm\frac{1}{6}$
5. निम्न में से कौनसा सदिश θ के सभी मानों के लिये इकाई सदिश नहीं है
   (a) $(\cos\theta)\mathbf{i}-(\sin\theta)\mathbf{j}$ (b) $(\sin\theta)\mathbf{i}+(\cos\theta)\mathbf{j}$
   (c) $(\sin 2\theta)\mathbf{i}-(\cos\theta)\mathbf{j}$ (d) $(\cos 2\theta)\mathbf{i}-(\sin 2\theta)\mathbf{j}$
6. यदि $\mathbf{a}+\mathbf{b}$ सदिशों $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ के बीच के कोण को समद्विभाजित करता हो, तो $\mathbf{a}$ तथा $\mathbf{b}$ हैं
   (a) परस्पर लम्बवत् (b) असमदिश सदिश
   (c) परिमाण में बराबर (d) इनमें से कोई नहीं
7. यदि $\mathbf{a} = \mathbf{i}+2\mathbf{j}+2\mathbf{k}$ और $\mathbf{b} = 3\mathbf{i}+6\mathbf{j}+2\mathbf{k}$, तो एक सदिश जिसकी दिशा $\mathbf{a}$ की दिशा और जिसका परिमाण $|\mathbf{b}|$ के बराबर हो, है
   (a) $7(\mathbf{i}+\mathbf{j}+\mathbf{k})$ (b) $\frac{7}{3}(\mathbf{i}+2\mathbf{j}+2\mathbf{k})$
   (c) $\frac{7}{9}(\mathbf{i}+2\mathbf{j}+2\mathbf{k})$ (d) इनमें से कोई नहीं
8. यदि $\mathbf{p} = 7\mathbf{i}-2\mathbf{j}+3\mathbf{k}$ तथा $\mathbf{q} = 3\mathbf{i}+\mathbf{j}+5\mathbf{k}$, तो $\mathbf{p}-2\mathbf{q}$ का परिमाण है [MP PET 1987]
   (a) $\sqrt{29}$ (b) 4
   (c) $\sqrt{62}-2\sqrt{35}$ (d) $\sqrt{66}$
9. माना कि $\mathbf{a} = \mathbf{i}$ एक सदिश है जो एकक (unit) सदिश $\mathbf{b}$ के साथ 120^o का कोण बनाता है, तब एकक सदिश $(\mathbf{a}+\mathbf{b})$ है [MP PET 1991]
   (a) $-\frac{1}{2}\mathbf{i}+\frac{\sqrt{3}}{2}\mathbf{j}$ (b) $-\frac{\sqrt{3}}{2}\mathbf{i}+\frac{1}{2}\mathbf{j}$
   (c) $\frac{1}{2}\mathbf{i}+\frac{\sqrt{3}}{2}\mathbf{j}$ (d) $\frac{\sqrt{3}}{2}\mathbf{i}-\frac{1}{2}\mathbf{j}$

10. यदि एक त्रिभुज के शीर्षों के स्थिति सदिश $6\mathbf{i}+4\mathbf{j}+5\mathbf{k}$, $4\mathbf{i}+5\mathbf{j}+6\mathbf{k}$ तथा $5\mathbf{i}+6\mathbf{j}+4\mathbf{k}$ हों, तो त्रिभुज है

(a) समकोणीय (b) समद्विबाहु
(c) समबाहु (d) इनमें से कोई नहीं

11. किसी त्रिभुज के शीर्ष $(\mathbf{i}+\mathbf{j}+\mathbf{k})$, $(5\mathbf{i}+3\mathbf{j}-3\mathbf{k})$ व $(2\mathbf{i}+5\mathbf{j}+9\mathbf{k})$ हैं, तो उसका परिमाप होगा [MP PET 1993]

(a) $15+\sqrt{157}$ (b) $15-\sqrt{157}$
(c) $\sqrt{15}-\sqrt{157}$ (d) $\sqrt{15}+\sqrt{157}$

12. दो बिन्दुओं A व B के स्थिति सदिश क्रमशः $\mathbf{i}+\mathbf{j}-\mathbf{k}$ व $2\mathbf{i}-\mathbf{j}+\mathbf{k}$ हों, तो $|\overrightarrow{AB}|=$ [BIT Ranchi 1992]

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

13. परस्पर लम्बवत् बलों **a**, **b** व **c** के परिमाण क्रमशः 2, 10 व 11 हैं। तब इसके परिणामी का परिमाण होगा [IIT 1984]

(a) 12 (b) 15
(c) 9 (d) इनमें से कोई नहीं

14. सदिशों **i**, **j**, **k** का निकाय है

(a) लम्बकोणीय (b) समतलीय
(c) समरेखीय (d) इनमें से कोई नहीं

15. सदिशों $(\mathbf{i}+\mathbf{j}+\mathbf{k})$, $(-\mathbf{i}+\mathbf{j}+\mathbf{k})$, $(\mathbf{i}-\mathbf{j}+\mathbf{k})$ व $(\mathbf{i}+\mathbf{j}-\mathbf{k})$ के परिणामी की दिक् कोज्यायें हैं

(a) $\left(\frac{1}{\sqrt{2}},\frac{1}{\sqrt{3}},\frac{1}{\sqrt{6}}\right)$ (b) $\left(\frac{1}{\sqrt{6}},\frac{1}{\sqrt{6}},\frac{1}{\sqrt{6}}\right)$
(c) $\left(-\frac{1}{\sqrt{6}},-\frac{1}{\sqrt{6}},-\frac{1}{\sqrt{6}}\right)$ (d) $\left(\frac{1}{\sqrt{3}},\frac{1}{\sqrt{3}},\frac{1}{\sqrt{3}}\right)$

16. P व Q के स्थिति सदिश क्रमशः $5\mathbf{i}+4\mathbf{j}+a\mathbf{k}$ व $-\mathbf{i}+2\mathbf{j}-2\mathbf{k}$ हैं। यदि इन दोनों के बीच की दूरी 7 है, तो a का मान होगा

(a) – 5, 1 (b) 5, 1
(c) 0, 5 (d) 1, 0

17. एक शून्य सदिश रखता है

(a) कोई भी दिशा (b) कोई दिशा नहीं
(c) कई दिशायें (d) इनमें से कोई नहीं

18. एक इकाई सदिश **a**, z-अक्ष के साथ $\frac{\pi}{4}$ कोण बनाता है। यदि $\mathbf{a}+\mathbf{i}+\mathbf{j}$ एक इकाई सदिश हो, तो **a** का मान होगा [IIT 1988]

(a) $\frac{\mathbf{i}}{2}+\frac{\mathbf{j}}{2}+\frac{\mathbf{k}}{\sqrt{2}}$ (b) $\frac{\mathbf{i}}{2}+\frac{\mathbf{j}}{2}-\frac{\mathbf{k}}{\sqrt{2}}$
(c) $-\frac{\mathbf{i}}{2}-\frac{\mathbf{j}}{2}+\frac{\mathbf{k}}{\sqrt{2}}$ (d) इनमें से कोई नहीं

19. बल है

(a) इकाई सदिश (b) स्थानीकृत सदिश
(c) शून्य सदिश (d) स्वतंत्र सदिश

20. किसी बिन्दु O के सापेक्ष चार बिन्दुओं A, B, C तथा D के स्थिति सदिश क्रमशः **a**, **b**, **c** व **d** इस प्रकार हैं कि इनमें से कोई भी तीन बिन्दु समरेखीय नहीं हैं एवं $\mathbf{a}+\mathbf{c}=\mathbf{b}+\mathbf{d}$ तो चतुर्भुज $ABCD$ है

(a) वर्ग (b) समचतुर्भुज
(c) आयत (d) समान्तर चतुर्भुज

21. यदि A, B के स्थिति सदिश क्रमशः $\mathbf{i}+3\mathbf{j}-7\mathbf{k}$ व $5\mathbf{i}-2\mathbf{j}+4\mathbf{k}$ हों, तो $\overrightarrow{AB}$ की दिक् कोज्या y-अक्ष के अनुदिश होगी [MNR 1989]

(a) $\frac{4}{\sqrt{162}}$ (b) $-\frac{5}{\sqrt{162}}$
(c) – 5 (d) 11

22. यदि दो बलों के परिणामी का परिमाण P है एवं उनमें से एक के बराबर व इस पर लम्ब है, तो दूसरा बल है [MNR 1986]

(a) $P\sqrt{2}$ (b) P
(c) $P\sqrt{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

23. सदिश $\mathbf{a}=3\mathbf{i}+4\mathbf{j}+5\mathbf{k}$ की दिक् कोज्या धनात्मक x-अक्ष की दिशा में होगी [MP PET 1991]

(a) $\pm\frac{3}{\sqrt{50}}$ (b) $\frac{4}{\sqrt{50}}$
(c) $\frac{3}{\sqrt{50}}$ (d) $-\frac{4}{\sqrt{50}}$

24. बिन्दु, जिनके स्थिति सदिश क्रमशः $2\mathbf{i}+3\mathbf{j}+4\mathbf{k}$, $3\mathbf{i}+4\mathbf{j}+2\mathbf{k}$, $4\mathbf{i}+2\mathbf{j}+3\mathbf{k}$ हैं, हैं [EAMCET 1988]

(a) समकोण त्रिभुज के शीर्ष (b) समद्विबाहु त्रिभुज के शीर्ष
(c) समबाहु त्रिभुज के शीर्ष (d) समरेखीय

25. माना α,β,γ भिन्न वास्तविक संख्यायें हैं। बिन्दु जिनके स्थिति सदिश $\alpha\mathbf{i}+\beta\mathbf{j}+\gamma\mathbf{k}$, $\beta\mathbf{i}+\gamma\mathbf{j}+\alpha\mathbf{k}$, $\gamma\mathbf{i}+\alpha\mathbf{j}+\beta\mathbf{k}$ हैं, तो ये [IIT Screening 1994]

(a) समरेखीय होंगे
(b) समबाहु त्रिभुज बनाते हैं
(c) विषमबाहु त्रिभुज बनाते हैं
(d) एक समकोण त्रिभुज बनाते हैं

